राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(8)RSMSSB / अर्थना / म.बा.वि. / 2015 / पार्ट–II / 378 दिनांक : 12.08.2016

: : कार्यालय आदेश : :

राजस्थान महिला एवं बाल विकास (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–1998 के अन्तर्गत समेकित बाल विकास सेवाएं, महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए पर्यवेक्षक (गैर–अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2015 की परीक्षा दिनांक 29.11.2015 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 31.12.2015 को जारी किया गया था। इस परीक्षा में अपात्र एवं अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के विरूद्ध वरियता कम से अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित 08 अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच मूल दस्तावेजों से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिनांक 04.07.2016 को करवाई गई थी। पात्रता की जांच में 05 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे हैं। बोर्ड ने इन्हें पात्रता की जांच हेतु एक अंतिम अवसर और देने का निर्णय लिया है। अतः पर्यवेक्षक (गैर–अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2015 में पात्रता की जांच में अनुपस्थित रहे निम्नलिखित 05 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि **दिनांक 23.08.2016** को प्रातः 10 बजे बजे से **निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाऐं, महिला एवं बाल विकास विभाग, 2, जल पथ, गांधी नगर, जयपुर** में पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

S. No.	Merit No.	Roll NO	NAME	Catg.
1	59	335193	PRABHA RATHORE	GENF
2	4154	138799	SANJU RANI	WIDGEN
3	91	254722	PRIYANKA KUMARI	OBCF
4	92	191007	SUMAN LATA	OBCF
5	809	236236	SANGEETA MEENA	STF

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पर्यवेक्षक (गैर–अनुसूचित क्षेत्र) पद के लिये दिनांक 27.04.2015 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड़ की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

6. अन्य सूचनाऐं बोर्ड के पूर्व कार्यालय आदेश क्रमांक **प.14(8)RSMSSB/अर्थना/म.बा.वि./2015/पार्ट–II /263 दिनांक 27.06.2016** के अनुसार ही यथावत रहेंगी। यह आदेश बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(आर0 के0 मीना)
अध्यक्ष